# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

## अधिसूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 20—04—2026 के बिन्दु संख्या—12 में लिये गये निर्णय के अनुपालन में **सत्र 2025—26 से पूर्व के छात्रों** की समस्त पाठ्यक्रमों की **छूटी हुई प्रायोगिक परीक्षा** हेतु एक अवसर प्रदान करते हुए **विशेष छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा** हेतु प्रत्येक छात्र को रु0 2500/— अर्थदण्ड के साथ—साथ निर्धारित शुल्क रु0 2500/— प्रति प्रयोगात्मक परीक्षा आवेदन हेतु कुल रु0 5000.00 (रु0 पांच हजार मात्र) के साथ अनुमति प्रदान की गई है।

तद्क्रम में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार सिद्धार्थ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में **राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020** के अन्तर्गत संचालित सत्र 2024—25 के **छात्रों की स्नातक/परास्नातक वार्षिकी की विशेष छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा** हेतु प्रत्येक छात्र को रु0 2500/— अर्थदण्ड के साथ—साथ निर्धारित शुल्क रु0 2500/— प्रति प्रयोगात्मक परीक्षा आवेदन हेतु कुल रु0 5000.00 (रु0 पांच हजार मात्र) के साथ ऑनलाइन आवेदन दिनांक 16—07—2026 से 22—07—2026 तक आमंत्रित किया जा रहा है। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं जायेगा। परीक्षार्थी स्वयं/महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन **दिनांक 16—07—2026 से दिनांक 22—07—2026** तक कर सकते हैं। परीक्षार्थी परीक्षा फार्म के समस्त प्रपत्रों सहित अपने महाविद्यालय में जमा करें, तत्पश्चात् महाविद्यालय उन फार्मों को विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।

विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.suksn.edu.in पर अवलोकित किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— 5722 /प0सा0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 15—07—2026

**प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त अधिष्ठाता/कुलानुशासक, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. विभागाध्यक्ष/समस्त प्रभारी (परिसर), सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0, सि0।
6. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक